भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4156

उत्तर देने की तारीख 07 अप्रैल, 2022

17 चैत्र, 1944 (शक)

राज्यों में खेल प्रशिक्षण केंद्र

4156. श्री नीरज डांगी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में 'खेलो इंडिया' के तहत खेलों को बढ़ावा देने और अन्य योजनाओं के लिए राज्य-वार कितनी निधि आवंटित की गई है;

(ख) क्या सरकार ने उन राज्यों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की है जहां वर्तमान में कोई खेल प्रशिक्षण केंद्र नहीं हैं; और

(ग) जिन राज्यों में खेल प्रशिक्षण केंद्र हैं, वहां से विगत दो वर्षों के दौरान प्रशिक्षित खिलाडियों की राज्य-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) इस मंत्रालय द्वारा निधि राज्य-वार नहीं, स्कीम-वार आवंटित की जाती है । पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान, खेलो इंडिया स्कीम और इस मंत्रालय की अन्य खेल विकास स्कीमों के तहत 6,601.06 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं ।

(ख) और (ग): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, देश में खेल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने और चलाने की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों की पूर्ति करती है । इसलिए, इस मंत्रालय में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा चलाए जा रहे खेल प्रशिक्षण केंद्रों और ऐसे केंद्रों में प्रशिक्षित होने वाले खिलाड़ियों की संख्या के बारे में जानकारी नहीं रखी जाती है । तथापि, पिछले दो वर्षों के दौरान इस मंत्रालय की खेलो इंडिया स्कीम और भारतीय खेल प्राधिकरण की खेल प्रोत्साहन स्कीमों के तहत प्रशिक्षित किए जा रहे खिलाड़ियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध में है ।

****

"राज्यों में खेल प्रशिक्षण केंद्र" के संबंध में श्री नीरज डांगी, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा द्वारा दिनांक 07-04-2022 के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4156 के भाग भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

<u>पिछले दो वर्षों के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के तहत प्रशिक्षित खिलाड़ियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण</u>

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2020-21	2021-22
1.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	12	6
2.	आंध्र प्रदेश	56	43
3.	अरुणाचल प्रदेश	11	11
4.	असम	45	38
5.	बिहार	13	10
6.	चंडीगढ़	46	35
7.	छत्तीसगढ	30	22
8.	दमन और दीव	4	4
9.	दादर और नगर	0	0
10.	दिल्ली	238	183
11.	गोवा	18	13
12.	गुजरात	100	74
13.	हरियाणा	417	331
14.	हिमाचल प्रदेश	25	21
15.	जम्मू और कश्मीर	19	15
16.	झारखंड	32	22
17.	कर्नाटक	142	114
18.	केरल	124	84
19.	लद्दाख	2	1

20.	मध्य प्रदेश	92	71
21.	महाराष्ट्र	418	324
22.	मणिपुर	116	93
23.	मेघालय	4	3
24.	मिजोरम	28	21
25.	नगालैंड	1	1
26.	उड़ीसा	56	44
27.	पुदुचेरी	6	6
28.	पंजाब	206	163
29.	राजस्थान	94	72
30.	सिक्किम	2	1
31.	तमिलनाडु	175	134
32.	तेलंगाना	80	57
33.	त्रिपुरा	10	7
34.	उत्तर प्रदेश	178	141
35.	उत्तराखंड	43	35
36.	पश्चिम बंगाल	121	75
कुल		**2964**	**2275**

पिछले दो वर्षों के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण की खेल प्रोत्साहन स्कीमों के तहत प्रशिक्षित खिलाड़ियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2020-2021	2021-2022
1.	आंध्र प्रदेश	124	101
2.	अरुणाचल प्रदेश	167	151
3.	असम	721	631
4.	बिहार	83	27
5.	छत्तीसगढ	69	44
6.	गोवा	86	79
7.	गुजरात	166	175
8.	हरियाणा	753	662
9.	हिमाचल प्रदेश	133	96
10.	झारखंड	226	102
11.	कर्नाटक	323	266
12.	केरल	681	590
13.	मध्य प्रदेश	368	353
14.	महाराष्ट्र	452	459
15.	मणिपुर	675	566
16.	मेघालय	145	143
17.	मिजोरम	162	117
18.	नगालैंड	52	51
19.	ओडिशा	380	307
20.	पंजाब	541	509
21.	राजस्थान	492	412
22.	सिक्किम	63	41

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2020-2021	2021-2022
23.	तमिलनाडु	373	299
24.	तेलंगाना	131	98
25.	त्रिपुरा	98	73
26.	उत्तर प्रदेश	568	584
27.	उत्तराखंड	59	59
28.	पश्चिम बंगाल	359	263
29.	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	35	36
30.	चंडीगढ़	22	22
31.	दमन और दीव	0	0
32.	दिल्ली	323	335
33.	जम्मू और कश्मीर	95	73
34.	लद्दाख	36	70
35.	लक्षद्वीप	30	25
36.	पुदुचेरी	234	179
कुल		**9225**	**7998**

****